हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 4 सितंबर 2025



B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

### बैठक 11 को

राजनांदगांव। मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 22 सितंबर से प्रारंभ होने वाले क्वांर नवरात्रि मेले में यात्रियों की सुविधा एवं कानून व्यवस्था के संबंध में 11 सितंबर को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है।

# तीन महीने बाद खुला लापता पति की हत्या का राज, पत्नी ने कबूला जुर्म, जांच प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

तेलंगाना में तीन महीने पहले लापता हुए एक शख्स का मामला सुलझ गया है। दरअसल खैरागढ़ जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह की समझाइश के बाद पत्नी ने खुद अपने पति की हत्या करने की बात कबूल कर ली।

गंडई के पास के एक गांव का एक परिवार रोजी-मजदूरी के लिए तेलंगाना गया था। तीन महीने पहले पति के गायब होने के बाद पत्नी बच्चों के साथ ससुराल लौट आई और गोलमोल जवाब देकर अपने मायके चली गई। परेशान होकर परिवार वालों और ग्रामीणों ने गंडई थाना और तेलंगाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।

**हिरासत में महिला :** जुर्म कबूल होने के बाद विक्रांत सिंह ने तुरंत एसपी से संपर्क किया। इसके बाद महिला पुलिस अधिकारियों के साथ एक टीम रेस्ट हाउस पहुंची। उन्होंने महिला से पूछताछ की और उसे अपने साथ थाना ले गए।



### पुलिस करेगी पूछताछ

बता दें कि एक पत्नी ने अपने पति की हत्या क्यों की, कब की, लाश कहां है, घटना में और कौन-कौन शामिल है सहित ग्रामीणों की तमाम प्रकार के सवालों का जवाब पुलिसिया जांच के बाद ही सामने आ पाएगा। बरहाल पुलिस इस मामले की आगे की जांच कर रही है, ताकि पूरे सच का पता लगाया जा सके।

### मदद की आस में विक्रांत से मिले ग्रामीण

लगभग 100 ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से मदद मांगी। उन्होंने रेस्ट हाउस में मुलाकात के दौरान लापता शख्स की पत्नी से बात की। विक्रांत सिंह ने उसकी बातों को क्रॉस चेक किया। जिसके बाद महिला टूट गई और सभी के सामने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि उसने खुद अपने पति की हत्या की है।

# शराब पीने पैसा नहीं देने पर धारदार हथियार से हमला, 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर आरोपियों ने मिलकर युवक पर धारदार हथियार से हमला कर मारपीट किया था। इस मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।




पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरगी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 1 सितंबर को प्रार्थी शत्रुघ्न कुर्मी निवासी जंगलेसर ने एक आवेदन पेश किया कि 1 सितंबर को लगभग 4 बजे के आसपास ग्राम जंगलेसर से धामनसरा जाने वाली रोड मुंडन भवन के पास बैठा था। उसी समय गांव का धर्मेंद्र चंद्राकर उर्फ पम्मी अपने साथी लोकेश साहू, लोकनाथ साहू, धर्मेंद्र साहू अन्य दो लोगों द्वारा रास्ता रोककर अश्लील गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते एक राय होकर शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगे। पैसा देने से मना किया गया, तब धर्मेंद्र चंद्राकर उर्फ पम्मी, लोकेश साहू जो अपने पास रखे चाकू को निकाले, हम लोगों को पैसा नहीं दोगे तो तुम्हें चाकू से मारकर खत्म कर देंगे कहकर धर्मेंद्र चंद्राकर अपने पास रखे चाकू को दाढ़ी में टिका दिए तथा धर्मेंद्र साहू, लोकेश साहू चाकू से मेरे पीठ और पैर में मारने का प्रयास किया। धर्मेंद्र चंद्राकर और पम्मी के अन्य साथी लोकनाथ साहू और दो अन्य हाथ-मुक्का और लात से मारपीट किए हैं। जिससे प्रार्थी को दाहिने कान व सीना में चोंट आई है, की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी सुरगी में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र उर्फ पम्मी चंद्राकर 30 वर्ष, धर्मेंद्र साहू 32 वर्ष, लोकेश साहू 29 वर्ष, लोकनाथ साहू 24 वर्ष, पुरुषोत्तम सेन 28 वर्ष व विजेंद्र सिंह उर्फ राजा राजपूत 29 वर्ष को पकड़ा। आरोपियों का मेमोरेंडम कथन लेकर घटना में प्रयुक्त चाकू को जब्त किया गया है। उक्त आरोपियों को ज्युडिशियल रिमांड पर जेल दाखिल कराया गया है।

# आठ सौ से अधिक जवान, पैदल पेट्रोलिंग के साथ चौराहों पर रहेगी सुरक्षा, ड्रोन से भी होगी मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गणेश पर्व के अंतिम दिन विसर्जन के अवसर पर निकलने वाली चलित झांकियों को लेकर समितियों के साथ ही पुलिस प्रशासन ने भी अपनी तैयारियां कर ली है, जहां सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए शहर में आठ सौ से अधिक जवानों की तैनाती की जा रही है। वहीं झांकी निकलने के दौरान पैदल पेट्रोलिंग, चौक-चौराहों पर पाइंट लगाकर सुरक्षा तैनाती के साथ ही ड्रोन से भी मॉनिटरिंग की जाएगी। इसको लेकर पूरी रूपरेखा पुलिस विभाग ने तैयार कर ली है। इसके अलावा आला अफसरों को भी लगातार शहर के बीच पैदल भ्रमण करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल टीम, फायर ब्रिगेड, क्रेन व बिजली विभाग को भी अलर्ट रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। ज्ञात हो कि आगामी छह सितंबर शनिवार की रात को शहर में परंपरानुसार विसर्जन झांकिया निकाली जानी है। हर साल की तरह ही इस बार भी शहर में लगभग 30 गणेश समितियों द्वारा तैयारियां की गई है। इस दौरान जिले सहित प्रदेश और पड़ोसी राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भी जुटते हैं। ऐसे में किसी भी दुर्घटना-घटना से बचने के लिए पुलिस को भी अच्छी-खासी तैयारियां करनी पड़ती है। शहर के जिन मार्ग से झांकी निकाली जाएगी, वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने के साथ ही पार्किंग स्थल और शहर के अन्य इलाकों में भी गश्त टीम को तैनात किया जाएगा।



### इस तरह की सुरक्षा व्यवस्था

एएसपी राहुल देव शर्मा ने बताया कि विसर्जन झांकी के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। जिसके तहत सुरक्षा व्यवस्था के लिए 800 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी ड्यूटी पर रहेंगे। पैदल पेट्रोलिंग, फिक्स पिकेट, आउटर पेट्रोलिंग, सादी वर्दी बल, मोटर साइकिल पार्टी एवं एडी पार्टी की तैनाती की गई है। साथ ही नगर निगम, पीडब्लयूडी, स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल टीम, फायर ब्रिगेड, क्रेन व बिजली विभाग अलर्ट रहेंगे।

### इन स्थानों में पार्किंग


पुलिस प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग स्थल निर्धारित कर दिए गए हैं। जिसके अनुसार स्टेट स्कूल, फ्लाई ओवर, दिग्विजय क्लब, गुरूनानक चौक, महावीर चौक, भगत सिंह चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, पुराना बस स्टैंड चौक, टांकापारा, बूढ़ासागर, शीतला मंदिर, साइंस कॉलेज, गुजराती स्कूल एवं बख्शी स्कूल में दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों को पार्क किया जा सकेगा।

### मानव मंदिर चौक से मिलेगी एंट्री

झांकियां तीन प्रमुख मार्गों से मानव मंदिर चौक तक आएगी। जिनमें महावीर चौक से मानव मंदिर चौक, गुरूनानक चौक से मानव मंदिर चौक और दुर्गा चौक से मानव मंदिर चौक शामिल है। इसके बाद मानव मंदिर चौक में सभी झांकियां एकत्रित होकर प्रशासन द्वारा तय किए गए बैच व रैंक के अनुसार आगे बढेगी। विसर्जन मार्ग गुरुद्वारा से मानव मंदि, आजाद चौक, भारत माता चौक, कामठी लाइन, सुरजन गली, रामाधीन मार्ग, तिरंगा चौक, गंज चौक होते हुए विसर्जन स्थल तक जाएगी।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
• कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
• फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
• प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
• आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज
साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➡ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➡ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➡ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➡ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365













न्यू यूथ शिवशक्ति समिति औंधी



नव युवक समिति सरखेड़ा



## विधायक ने किया पूजा

डोंगरगढ़। शहर के विभिन्न गणेश पंडालों में पहुंच कर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने पूजा अर्चना कर विकास एवं खुशहाली की मंगल कामना की।

# राज्यपाल पुरस्कार के लिए बीजाभांठा की प्राचार्य चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

एक लंबे समय से साहित्यिक गतिविधियों से जुड़ी उच्चतर माध्यमिक शाला बीजाभाठा में पदस्थ प्राचार्य शोभा श्रीवास्तव का चयन इस बार राज्यपाल पुरस्कार के लिए हुआ है। शिक्षक दिवस के मौके पर महामहिम राज्यपाल उन्हें सम्मानित करेंगे। सुश्री श्रीवास्तव इससे पहले भी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हो चुकी है।

जानकारी के अनुसार 19 अगस्त 1992 को व्याख्याता के पद पर उनकी नियुक्ति हुई थी। वर्तमान में यह उच्चतर माध्यमिक शाला बीजाभांठा में 29 जून 2015 से प्राचार्य के रूप में सेवा दे रही है। एमए, बीएड, पीएचडी की डिग्री धारी सुश्री शोभा श्रीवास्तव का नाम शिक्षा के साथ साहित्य, संगीत, योग और मानस के क्षेत्र में रहा है।

### शिक्षा को समर्पित जीवन

सुश्री श्रीवास्तव शिक्षा के क्षेत्र में काफी समर्पित रही है। उन्होंने सेवा के दौरान छात्रोपयोगी सुविधाओं मुहैया कराने में सक्रियता से प्रयास किया साथ ही समुदाय एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से स्मार्ट शाला विकसित किया। शिक्षकों की क्षमता एवं दक्षता का विकास कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने का सतत प्रयास किया। वहीं सामाजिक सरोकारों से जुड़कर विद्यालय में ऑडिटोरियम, मुख्य मार्ग से शाला तक सीसी रोड निर्माण, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग से स्नेह वाटिका एवं मेडिशिनल गॉर्डन का निर्माण कराया है। स्कूल की लायब्रेरी में प्रोजेक्टर की सुविधा उपलब्ध है।



### शोभा के नाम कई उपलब्धियां

शिक्षा के साथ अन्य क्षेत्र में उनकी सक्रियता को देखते हुए प्रशासन और सामाजिक संस्थाएं उन्हे सम्मानित कर चुकी है। वह संभाग स्तर पर उत्कृष्ट प्राचार्य से भी सम्मानित हो चुकी है। इसके अलावा रोटरी क्लब, लायंस क्लब भी सम्मानित कर चुका है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जिला स्तर पर सम्मान हो चुका है।

### शिक्षक के साथ साहित्यकार भी

जानकारी के अनुसार सुश्री श्रीवास्तव बेहतर शिक्षक होने के साथ एक साहित्यकार भी है। उनके चार काव्य संग्रह प्रकाशित हो चुके है। तीन काव्य संग्रह प्रकाशनाधीन है। जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर पिछले 26 वर्षों से उत्कृष्ट मंच संचालन के लिए भी वह अनेक बार सम्मानित हो चुकी है। साहित्य सर्जना के लिए राज्य एवं अंतर्राज्यीय स्तर पर अनेक उत्कृष्ट सम्मान उन्हे मिल चुके हैं। राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित होने पर उन्हे विधायक दलेश्वर साहू, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिपं सभापति जागृति यदु, जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, सीएम हिना जैन, जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू, मंडल भाजपा अध्यक्ष जागेश्वर यादव, बीईओ आरएल पात्रे,एबीईओ जयंत साहू आदि ने बधाई दी है।

### जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी की पहल

# क्यूआर कोड तैयार, स्कैन करने से मिलेगी मनरेगा की पूरी जानकारी

## मनरेगा के काम में आएगी पारदर्शिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

मनरेगा के काम में पारदर्शिता लाने और योजना की पूरी जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए जनपद पंचायत ने एक बड़ी पहल की है। अब हर ग्राम पंचायत भवन और गांव में प्रमुख स्थानों पर क्यूआर कोड लगाया जाएगा जिसके माध्यम से ग्रामीण घर बैठे गांव में मनरेगा के तहत तीन वर्षों में हुए विकास कार्यों की पूरी जानकारी देख सकेंगे।

जानकारी के अनुसार क्यूआर कोड स्कैन करते ही मनरेगा के तहत कराए गए सभी कार्यों की सूची, कार्य पर खर्च, भुगतान का लेखा-जोखा और धनराशि का उपयोग कहां हुआ और किसके हाथ में पहुंचा यह स्पष्ट जानकारी सभी को मिल सकेगी।

प्रशासन का यह कदम जनहित और डिजिटल पारदर्शिता की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। जानकारी के अनुसार कलेक्टर तुलिका प्रजापति के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के कामकाज में में पारदर्शिता लाने के लिए क्यूआर कोड लॉच किया गया है।



### पारदर्शिता आएगी

जिला पंचायत की सीईओ भारती चंद्राकर ने बताया कि क्यूआर कोड प्रणाली से आम लोगों को योजना से जुड़ी हर जानकारी तत्काल और पारदर्शी तरीके से मिलेगी। जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी अंतर्गत आने वाली सभी ग्राम पंचायतों के विशेष क्यूआर कोड तैयार किया गया हैं। जनपद पंचायत की सीईओ प्रियंवदा रामटेके ने बताया कि अगले 2 दिनों में सभी पंचायत भवनों में कोड चस्पा कर दिया जाएगा। ग्रामीण अपने मोबाइल से कोड को स्कैन करके पिछले तीन वर्षों के सभी स्वीकृत कार्यों का ब्यौरा प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल ग्रामीणों को योजना की सीधे निगरानी करने का अधिकार देती है, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को सीधे तौर पर योजना की निगरानी करने में सक्षम बनाना है, ताकि जवाबदेही बढ़े।

### लोगों के पास सभी जानकारी

सरकार की इस पारदर्शिता ने मनरेगा कार्यों को जनता के लिए पूरी तरह खुला और सुलभ बना दिया है। अब कोई भी ग्रामीण जान सकेगा कि उसके गांव के विकास कार्यों में एक-एक रूपए का उपयोग कैसे हो रहा है। इससे न केवल भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा, बल्कि योजनाओं पर जनता का भरोसा भी मजबूत होगा। इस नवाचार से अब गांव के लोग केवल दर्शक नहीं, बल्कि अपने गांव के विकास की असली निगरानी करने वाले साबित होंगे। पंचायत स्तर पर तकनीक का यह उपयोग ग्रामीणों को नई ताकत देगा। अब विकास का हिसाब हर किसी की नजरों के सामने होगा।

# लैंगिक संवेदीकरण पर कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

रानी अवंतीबाई लोधी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय रामाटोला में पीएम उषा प्रभारी डॉ. मनोज रंगारी के नेतृत्व मे सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। अंतिम दिवस मुख्य वक्ता के रूप मे डॉ. कविता यदु अतिथि प्राध्यापक शासकीय कुंज बिहारी महाविद्याय लाल बहादुर नगर उपस्थित थी। स्वागत के बाद डॉ यदु ने कहा कि जेंडर एक सामाजिक पहचान है। वर्तमान में लडके और लड़की में विभेद नही किया जा सकता। उन्होंने कहा कि लड़कियां पैदा नही होती बनाई जाती है, जेंडर सेंसेटाइजेशन का महत्व बताते हुए कहा कि पुरुष एवं महिलाएं समान है। समाज में हो रहे परिवर्तन को स्वीकारना होगा। विभिन्न कानूनी अधिकार की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए विभिन्न योजनाओं एवं कानूनी जानकारी समय समय पर सरकार द्वारा दी जाती है। उन्होंने बेटी बचाव- बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना, उज्जवला योजना आदि से अवगत कराया। संचालन डॉ. संगीता रंगारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ. ज्योतिबाला बरसागढ़े ने किया।

## प्रयास विद्यालय में हिमेश का चयन

**ढारा।** हायर सेकंडरी स्कूल ढारा के छात्र हिमेश देवांगन पिता दुर्गाराम देवांगन निवासी ग्राम पंचायत करेला का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग की कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए हुआ है। हिमेश ने अपनी सफलता का श्रेय बड़े पापा दानी राम देवांगन, माता- पिता सहित शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया है। छात्र को सरपंच टाकेशवर वर्मा, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रवि यादव ने बधाई दी है।

## खबर संक्षेप

### न्योता भोज का आयोजन



**पटेवा।** प्राथमिक शाला राहुद में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चुम्मन लाल साहू ने अपने पुत्र तुषार साहू के जन्मदिन के मौके पर न्योता भोज आयोजित किया। बच्चों को खीर, पूड़ी, और केला खिलाया गया। इस अवसर पर चुम्मनलाल साहू, सरपंच तेजराम वर्मा, संकुल समन्वयक अजय कुमार वर्मा, खोमलाल वर्मा, पुसऊराम वर्मा आदि उपस्थित थे।

### थैलीटोला में डांस प्रतियोगिता 5 को

**बांधाबाजार।** थैलीटोला में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन गणेश उत्सव समिति, जागृति युवा मंडल एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में आगामी 5 सितंबर को शाम 6 बजे से रखा गया है। सामूहिक नृत्य में क्रमशः 5000, 3000, 2000, 1500, 1000, युगल नृत्य में 3000, 2000, 1500, 1000, 700, एकल नृत्य में 2000, 1500, 1000, 700, 500 रूपए विजेताओं को दिया जाएगा। इसी दिनांक को गुंडरदेही, ढाढूटोला, आमाटोला, गर्रापार, गैंदाटोला में भी कार्यक्रम आयोजित है। यह जानकारी सतीश सिन्हा ने दी।

### समय के सदुपयोग से धन कमाना आसान

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डा अंजना ठाकुर के निर्देशन में 3 सितंबर को व्यक्तितव विकास एवं समय प्रबंधन पर व्याख्यान आयोजित किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य ने विषय की महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए समय को धन से जोड़ते हुए कहा कि समय का सदुपयोग करने से धन आसानी से कमाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास होता है तो अपने आप मानवीय गुण आ जाते हैं। इसी कड़ी में विवेकानंद एकेडमी के संचालक मनीष वैष्णव ने विषय के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए छात्र छात्राओं को सामान्य ज्ञान एवं रोजगार प्राप्ति के गुर बताए। इस दौरान लुकेश पटेल, दामिनी पटेल, तिलेश्वरी, पूजा सोनकर, रिमझिम, नेहा यादव, दीपिका, जितेन्द्र साहू, सजनकुमार, गुलाब, दानेश, टालेश, अतिथि व्याख्याता हरवंस चौरगे, चंद्रकांत कुंभकार, मोनिश खान, डा काव्या जैन, डा संजुसिंह, कंचन साहू, हेमलता विरदी, चाँदनी पराते, शुभि जैन, योगिता ठाकुर आदि मौजूद थे। संचालन एवं आभार प्रदर्शन ओमप्रकाश सहारे ने किया।

### मोदी की बातों को सुना



**डोंगरगढ़।** पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 125वा एपिसोड देखा और सुना। इस अवसर पर परविंदर सिंह मोंटी, जितेंद्र हिरवानी, अचलासिंह ठाकुर, अमन जनबंधु, संतोष बहेकर, सावन टेम्भुरकर आदि उपस्थित थे।

## निधन

### राजेश साहू

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत कोटराभांठा के पूर्व सरपंच राजेश साहू आ जीवन लाल साहू का 51 वर्ष की उम्र में दो सितंबर को राजनांदगांव के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वह राष्ट्रपति से स्वच्छ निर्मल गांव के लिए सम्मानित हुए थे। उनका अंतिम संस्कार 3 सितंबर को कोटराभाटा में किया गया।

## गणित परिषद की अध्यक्ष बनी शीतल



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 2 सितंबर को गणित परिषद का गठन किया गया। यह गठन प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं गणित विभाग के अतिथि प्राध्यापक डॉ. निर्वेद कुमार शर्मा, देवश्री देवांगन के मार्गदर्शन में किया गया। डॉ. शर्मा ने गणित परिषद के पदाधिकारियों घोषणा की। परिषद में शीतल वर्मा को अध्यक्ष, दिव्या डडसेना को उपाध्यक्ष, यशस्वी साहू को सचिव, साक्षी यादव को सहसचिव तथा कुशल पटेल को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कीर्तनकर एवं ओसीन यदु का चयन किया गया। प्राचार्य डॉ. रेवती ने गणित परिषद के महत्व एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान ओमप्रकाश वर्मा , डॉ. गोकुल प्रसाद साहू आदि उपस्थित थे।

# गली-गली में बिक रही शराब, माहौल खराब

- सवालों के घेरे में पुलिस और आबकारी विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह

मोहारा चौकी क्षेत्र के गांवो में अवैध शराब का करोबार बेधड़क चल रहा है हालांकि पुलिस कार्रवाई कर रही है किन्तु इस धंधे पर अंकुश लगता नहीं दिख रहा है। पुलिस केवल पीने व सुविधा मुहैया कराने वालों पर ही कार्रवाई कर रही है जबकि अवैध शराब की खेप पहुंचाने व बेचने वालों के ठिकानों तक पुलिस नहीं पहुंच रही है। ग्राम कसारी में सुबह से रात तक आसानी से शराब बिकते रहती है। हैरत की बात यह है कि पुलिस और आबकारी विभाग का अमला इस गांवो में झांकने तक नहीं आता। लोगों की शिकायत पर कभी कभार पुलिस आती भी है तो उसे दो चार पौवा से ज्यादा शराब नहीं मिलती। जानकारी के अनुसार शराब की बिक्री से गांव का माहौल खराब होते देख गत दिनों बैठक आहूत किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने शराब कोचियों की नामजद शिकायत किया। पुलिस ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है किन्तु कार्रवाई होने पर लोगों को संदेह है। ग्रामीण बताते है कि कसारी सहित अन्य गांवो में आसानी से शराब मिल जाती है। लोगों को शराब विक्रय के ठिकाने की जानकारी है किन्तु पुलिस इन ठिकानों से बेखबर है।

### चखना दुकान की आड़ में शराबखोरी

कसारी में अवैध शराब की बिक्री होने से बाहरी लोगों की आवाजाही बढ़ गई है। शराब कोचिया किराए के मकान में कारोबार कर रहे है। दिखावे के लिए अंडा भजिया की दुकान खोला गया है किन्तु यहां शराब सेवन की सुविधा मुहैया कराया जाता है। कसारी के अलावा सुकुलदैहान भी शराब की अवैध बिक्री से अछूता नही है। यहां शराबियों को डिस्पोजल चखना फ्री का ऑफर दिया जा रहा है।

### कार्रवाई किया गया

गांव में झगड़ा लड़ाई का मामला था। कसारी के ग्रामीण चौकी आए थे। ग्रामीणों ने तीन लोगों द्वारा शराब बेचने की शिकायत किया था। पुलिस ने कार्रवाई किया है।

- ढालसिंग साहू, चौकी प्रभारी

### आर्यिका श्वेतमती ने पर्यूषण पर्व के महत्व पर डाला प्रकाश

# संयम व नियम के पालन से ही जीवन में सुगंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

जीवन में सुगंध लाने के लिए धुप खेने के बजाए नियम- संयम का पालन करना जरूरी है। ज़ब भी मन भटके तो उसे संयम के चाबुक से काबू में करें और उसकी गति मोड़ने का प्रयास करें तभी सुगंध दशमी सार्थक होगी।

उक्ताशय के विचार जैनाचार्य विद्यासागर महाराज की शिष्या आर्यिका आदर्शमति माता संघस्थ आर्यिका श्वेतमति माता ने सुगंध दशमी के मौके पर व्यक्त किए। पर्वराज पर्युषण के दौरान जैन मंदिर में श्रावक श्रविकाओं को संबोधित करते हुए आर्यिका श्री ने कहा कि मानव के रग रग में राग, द्वेष, कषय समाया रहता है जिसे दूर करने का उपाए पर्युषण से किया जा सकता है। यह वह मौका होता है ज़ब हम आत्मा को उज्जवल कर सकते हैं इसलिए इस पर्व को पर्वराज कहा गया है।

### साधु का न करें अपमान

मुनि धर्म का पालन करने वालों से घृणा करने या उनका अपमान करने से उपजने वाले परिणाम का जिक्र करते हुए आर्यिका श्री बताया कि एक रानी ने ऐसा किया तो उसे कई भवो तक भटकना पड़ा था। वैभवशाली जीवन जीने वाली रानी को कभी गरीब की तरह जीवन गुजारना पड़ा तो कभी सुकर के रूप में जन्म लेना पड़ा। कई भवों तक भटकने के बाद जब उस रानी ने 10 सालों तक पूरे मनोभावों के साथ और नियम का पालन करते हुए सुगंध दशमी का व्रत किया। भक्ति किया जिससे उसका जीवन सुभाषित हो गया।



### नियम का करें पालन

उन्होंने कहा कि सभी को दिन में भोजन, छने पानी का सेवन और रोज देव दर्शन जरूर करना चाहिए यही जैन होने की पहचान है। हमेशा मन को संयमित करते हुए उत्तम संयम, धर्म और नियम का पालन करें क्योंकि संयम और नियम के पालन से ही जीवन सुगंधित होता है।

### सत्यम शिवम सुंदरम

आर्यिका श्री के कहा कि जिस प्रकार शिव ही सत्य और सुंदर है ठीक इसी प्रकार आत्मा भी शिव की तरह सत्य और सुंदर होती है, जरूरत इस बात की है कि हम उसे पहचाने। उन्होंने कहा कि मनुष्य सत्य से परे जाकर सोते जागते केवल सपने देखता है जबकि वह जानता है कि सपने अक्सर टूट जाते है। सपने देखने के बजाए जीवन को मजबूत बनाए और नियम, संयम का पालन करें।

### शांति भंग कर रहे छह को पुलिस ने पकड़ा

**डोंगरगढ़।** ग्राम मुरमुंदा में गत दिनों दही-हाण्डी लूट कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान शांति एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की डयूटी लगाई गई थी। आयोजन के दौरान नशे के हालत में मोटर सायकल चलाकर लोगों को परेशान कर शांति भंग करने पर पुलिस ने छह आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई किया। पकड़े गए आरोपियों में नेम कुमार कदम पिता उमेश कदम निवासी मुड़पार, भीमराव कंवर पिता कुंजन कंवर निवासी बम्हनीभांठा के विरूद्ध धारा 185 एमव्हीएक्ट एवं धारा 170, 125, 135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार जनता को परेशान, वाद-विवाद कर मारने-पीटने पर उतारू होने पर आरोपी संजय कंवर पिता दिलबहार कंवर निवासी राका, महेन्द्र बंजारे पिता बीपत बंजारे निवासी मुरमुंदा, दिलीप मंडावी पिता शत्रुहन मंडावी हाल निवासी मुरमुंदा के विरूद्ध धारा 170, 126,135 बीएनएसएस के तहत जुर्म पंजीबद्ध किया गया।

# अग्रसेन जयंती समारोह 22 को

**डोंगरगढ़।** अग्रवाल सभा की बैठक गत दिनों श्री अग्रसेन भवन में अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 22 सितंबर को श्री अग्रसेन जयंती मनाने पर चर्चा हुई। अग्रवाल बंधुओ के साथ नवयुवक मंडल, महिला मंडल और बालिका मंडल विविध सामाजिक गतिविधियों के साथ खेलकूद, सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन कर कुलपिता अग्रसेन महाराज की जयंती धूमधाम से मनाएंगे। जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ आगामी 18सितंबर को दीप प्रज्जवलन और ध्वजारोहण के साथ होगा। आगामी 18 से 22 सितंबर तक विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी।

अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने सभी से जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाने का आव्हान किया। इस अवसर पर राजेश अग्रवाल, मयूर भुत, महेंद्र अग्रवाल, सिद्धगोपाल नरेड़ी, चेतन अग्रवाल, रितेश पचेरीवाला, कैलाश गोयल, कन्हैया अग्रवाल, नवदीप अग्रवाल, कन्हैया मोदी, पिंकी अग्रवाल, ऋतु अग्रवाल, सौरभ पचेरीवाला, मयूर बिंदल, नेमिष अग्रवाल, श्याम भुत, सौरभ भुत, विरल पचेरीवाला, अनमोल पचेरीवाला, आयुषी नरेड़ी आदि उपस्थित थे। यह जानकारी सचिव महेंद्र अग्रवाल ने दी।

### औंधी के नाला में हुआ हादसा, गांव में पसरा मातम

# चंदन नाला के तेज बहाव में बहा युवक, तीसरे दिन मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ औंधी

औंधी थाना क्षेत्र के चंदन नाला में सोमवार को बाजार से लौट रहे युवक की मौत हो गई। मृतक युवक अपने गांव नवागढ़ कोर्रामपारा जा रहा था। नाला पार करते समय वह तेज बहाव की चपेट में आ गया। ग्रामीणों ने उसे ढूंढने की बहुत कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में पुलिस और एनडीआरएफ टीम की कड़ी मशक्कत के बाद तीसरे दिन शव को बाहर निकाला जा सका।

अचानक हुई इस घटना से पूरे नवागढ़ कोर्रामपारा गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात के मौसम में बार-बार होने वाली इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए स्थायी पुल का निर्माण कराया जाए।



## बच्चों की पढ़ाई पर असर

स्थानीय लोगों ने बताया कि चंदन नाला से होकर ही गांव का रास्ता जाता है। बरसात के दिनों में जब नाले में पानी भर जाता है तो गांव का संपर्क पूरी तरह टूट जाता है। इस कारण लगभग 10 स्कूली बच्चे 5 महीने तक पढ़ाई से वंचित हो जाते हैं। कई बार नाला पार कराने के लिए बच्चों को नाव का सहारा लेना पड़ता है। जिससे उनकी जान पर हमेशा खतरा मंडराता रहता है।

## हादसे की पूरी कहानी

मृतक की पहचान सामसिंग धुर्वा 28 वर्ष के रूप में हुई है। वह सोमवार को औंधी से बाजार कर घर लौट रहा था। चश्मदीद दयाराम आंचला के अनुसार वह पहले ही नाला पार कर चुका था। जबकि मृतक पीछे रह गया, तभी अचानक तेज पानी के बहाव में सामसिंग का संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे पानी में बह गया। घटना की जानकारी मिलते ही औंधी पुलिस व बचाव दल मौके पर पहुंची। शुरूआती दो दिन तक ग्रामीणों ने खुद तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने एनडीआरएफ टीम को बुलाकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। लगातार प्रयासों के बाद बुधवार को तीसरे दिन युवक का शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम (पीएम) कराया और परिजनों को सौंप दिया। मामले में मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

# फसल बीमा में हेराफेरी, शिकायतकर्ता पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



ग्राम पंचायत धोधा के सम्मलित चारागाह और उसी क्षेत्र के दर्जनों किसानों के जमीन पर फर्जी तरीके से दूसरे व्यक्ति के नाम पर प्रधानमंत्री फसल बीमा कर बीमा राशि का हेराफेरी करने का मामला अब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत एवं पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर तक पहुंच गया है।

जानकारी अनुसार शिकायतकर्ता जनपद सदस्य रमेश साहू, सीताराम, रामाधार, सावंत राम, किसन, लक्ष्मण वर्मा, भगवती सहित दर्जनभर से अधिक शिकायतकर्ता गत दिनों पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास पर जाकर मिले और मामले की जानकारी से अवगत कराते हुए उचित कार्यवाही के लिए पहल करने का निवेदन किया। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत एवं पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर से भी मुलाकात किया। जनपद सदस्य रमेश साहू ने बताया कि मामले पर किसी प्रकार की लीपापोती न हो और पारदर्शिता के साथ जांच और कार्यवाही हो इसे लेकर शिकायतकर्ता पूर्व के मंत्रियों और नेता प्रतिपक्ष के पास गए थे। सभी ने आश्वासन दिया है कि सही जांच और कार्यवाही नही होती है तो मामले को लेकर कोर्ट तक ले जाएंगे।

## यह है मामला

ग्रामीणों के अनुसार एआईसी बीमा कम्पनी के एजेंटों द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा किया गया था, जिसमे पात्र हितग्राहियों को बीमा का लाभ न देकर अपात्र व्यक्ति अनिश गौतम एवं उसकी पत्नी भूमिका ठाकुर सहित अन्य व्यक्तियों को दे दिया गया। ग्राम के सम्मलित चारागाह के नाम पर भी साठगांठ कर फसल बीमा किया गया, जिसका पैसा अनिश गौतम के खाते में 93 हजार से अधिक आया है जबकि ग्राम में दर्जनों पात्र किसान थे जिन्हें बीमा की राशि ही नहीं मिली है।

## अब तक की कार्रवाई

इस मामले पर ग्रामीण ने गत दिनों विधायक यशोदा वर्मा के साथ कलेक्टर से मुलाकात कर शिकायत किया था। शिकायत मिलने के बाद जिला प्रशासन ने जांच टीम का गठन कियात्र। जांच टीम ने गांव पहुंचकर शिकायतकर्ता, आरोपी और प्रभावित किसानों का बयान लिया था। कुछ किसानों का बयान नहीं लिया जा सका है।

# पर्यटन मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को किया रवाना

### दुर्ग और बस्तर संभाग के 650 श्रद्धालु शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्याय एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने बुधवार को रेलवे स्टेशन राजनांदगांव से श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना अंतर्गत दुर्ग एवं बस्तर संभाग के 13 जिलों के 650 तीर्थ यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर तीर्थयात्री विशेष ट्रेन को रवाना किया। राज्य शासन की महत्वपूर्ण श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना अंतर्गत प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से जाने वाले दर्शनार्थियों में भारी उत्साह एवं खुशी का क्षण रहा। जयश्री राम के जयकारे के साथ ढोल-मंजीरे की मंगल ध्वनि के साथ श्रद्धालुओं को अयोध्या के लिए विदा किया गया।

## 6 हजार से अधिक दर्शनार्थियों ने लिया लाभ

पर्यटन मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि सदियों से प्रभु श्रीराम की महिमा जनमानस में व्याप्त है। अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर स्थापित होने के बाद दर्शनार्थियों को अयोध्या जाकर दर्शन करने की इच्छा होती है। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप निःशुल्क प्रभु श्री रामलला दर्शन कराया जा रहा है। पिछले वर्ष 26 ट्रेनों के माध्यम से 22 हजार 100 से अधिक दर्शनार्थियों को दर्शन कराया गया। इस वर्ष अब तक 6 हजार से अधिक दर्शनार्थियों ने दर्शन का लाभ लिया है और आगे लगातार दर्शन जारी रहेगा।



## 85 हजार लोगों को मिलेगा लाभ

मंत्री ने कहा कि दर्शनार्थियों के दर्शन से हम सभी को दर्शन का लाभ एवं पुण्य मिलेगा। प्रदेश के 850 से अधिक दर्शनार्थी दर्शन करके आएंगे तो 85 हजार लोगों को इसका लाभ मिलेगा। मंत्री अग्रवाल ने सभी दर्शनार्थियों को तीर्थयात्रा के लिए मंगलकामना एवं शुभकामनाएं दी।

## दूसरी बार ट्रेन रवाना

सांसद संतोष पांडे ने कहा कि हम सबका सौभाग्य है कि भगवान श्री राम जिनका मामा गांव छत्तीसगढ़ है और यह कौशल प्रदेश है। केन्द्र एवं राज्य शासन की हमेशा इच्छा रही है कि पर्यटन, देशाटन होता रहे। उन्होंने प्रभु श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि दूसरी बार यहां से तीर्थयात्री विशेष ट्रेन को रवाना किया जा रहा है। उन्होंने दर्शनार्थियों को यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी।

# त्योहारों में शांति व्यवस्था बनाए रखने 10 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- फरार वारंटी गिरफ्तार, बसंतपुर पुलिस की कार्रवाई

श्रीगणेश विसर्जन झांकी के मद्देनजर शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बसंतपुर पुलिस द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा गणेश विसर्जन झांकी पर्व एवं ईद के दौरान शहर के चौक- चौराहों, शहर के भीड़भाड़ एवं भीतरी इलाकों में शांति व्यवस्था बनाए रखने असामाजिक तत्वों एवं आदतन अपराधियों पर सतत निगाह रखी जा रही है।

पुलिस के अनुसार इस क्रम में अनावेदक रत्नेश सिंह ठाकुर 25 साल निवासी ब्राम्हणपारा, राजेन्द्र राजपूत 28 साल निवासी ब्राम्हणपारा, शंकर रजक 25 साल निवासी बांसपाईपारा, बबला देवांगन 45 साल निवासी चौखड़ियापारा, सन्नी यादव 25 साल निवासी नंदई यादवपारा, आशिफ खान 22 साल निवासी सागरपारा, सूर्यकांत 31 साल निवासी किल्लापारा, विरेन्द्र कुर्रे 25 साल निवासी कौरिनभाठा, मो. अफजल 23 साल निवासी लालबाग, प्रेमदास मानिकपुरी 20 साल निवासी दिग्विजय कॉलेज के विरुद्ध धारा 170/126, 135(3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तैयार कर माननीय एसडीएम न्यायालय राजनांदगाव के समक्ष पेश किया गया, जहां जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल भेजा गया।




## फरार आरोपी पकड़ाए

पुलिस के मुताबिक अपराध क्रमांक 67/21 धारा 294, 323, 506 भादवि में लंबे अरसे से फरार चल रहे तीनों आरोपियों यशवंत ढीमर 33 साल निवासी सागरपारा, सुनील देवांगन 22 साल निवासी सागरपारा एवं सौरभ यादव उर्फ बबलू 20 साल निवासी सागरपारा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू, सहायक उपनिरीक्षक गोवर्धन देशमुख, डेजलाल मांडले, डेमिन साहू, प्रधान आरक्षक राजेश परिहार, महिला प्रधान आरक्षक मेनका साहू, आरक्षक मुंजलाल ठाकुर, संतोष महिपाल एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# अवैध शराब बिक्री से नाराजगी



**छुईखदान।** छुईखदान नगर पंचायत के वार्ड नंबर 3, वार्ड 4 और वार्ड 9 में अवैध रूप से बिक रही शासकीय शराब को लेकर स्थानीय निवासियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। सुबह से ही इन इलाकों में शराबियों की भीड़ उमड़ती है, जिससे पूरा क्षेत्र एक शराब मेले जैसा नजर आने लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शराब माफिया सक्रिय हैं और उनके मीडियेटर शराब खरीद कर हाथों-हाथ ग्राहकों तक पहुंचा रहे हैं। वह भी मोहल्ले के बीचो बीच शराब लेने वालों में अधिकांश बाहरी लोग होते हैं, की भीड़ देखकर मोहल्ले के लोग सहमे हुए हैं। महिलाओं और बच्चों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। शराब लेने के लिए लोग झुंड बनाकर सड़क किनारे खड़े रहते हैं, जिससे क्षेत्र का वातावरण असुरक्षित हो गया है। चिंता की बात यह है कि खुलेआम शासकीय शराब का अवैध रूप से वितरण किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग चुप्पी साधे हुए है। शराबियों के द्वारा बीच मोहल्ले में अपनी मोटर सायकल खड़ी कर शराब खरीदते है। जिससे मोहल्ले वासियों में भय निर्मित हो गया है। महिलाओं ने जिसे लेकर कई बार अपनी आवाज बुलंद करने की कोशिश की लेकिन शराब बेचने वालो के भय से सभी डरी सहमी है। महिलाओं का आना जाना दूभर हो गया है। स्थानीय वार्ड वासी और नागरिकों ने प्रशासन से वार्ड में पुलिस की ड्यूटी लगाने और बाहरी लोगों की पता साजी कर कार्रवाही करने की मांग की है।

# अस्पताल आज से नए भवन में

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

- पुराना भवन में आयुष आयुर्वेदिक अथवा सिटी हॉस्पिटल खोलने की मांग

शहर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अब नए भवन में स्थानांतरित होने जा रहा है। नया अस्पताल शहर से करीब दो किलोमीटर दूर है। कल से यहां सेवाएं शुरू होने की संभावना है। इस बीच उपकरणों और फर्नीचर की शिफ्टिंग तेज़ी से किया जा रहा है। अस्पताल के स्थानांतरण को लेकर जनता और व्यापारियों में नाराजगी देखी जा रही है। नया अस्पताल बस स्टैंड और बाजार लाइन से काफी दूर है, जिससे व्यापारी और आमजन विशेषकर बुजुर्ग, महिलाएं व बच्चों के लिए पहुंचना मुश्किल होगा।



## रात में होगी परेशानी


अस्पताल के दूर होने के बाद रात को मरीजों का आना-जाना भी अब एक बड़ी चुनौती बन सकती है, खासकर उन लोगों के लिए जिनके पास अपने वाहन नहीं हैं। पुराना अस्पताल भवन अब लगभग खाली हो गया है। देखरेख के अभाव में भवन को खाली छोड़ देने की आशंका है। नगरवासियों ने यहां सिटी अस्पताल खोलने की मांग प्रशासन से की है। कुछ लोग आयुष और आयुर्वेदिक अस्पताल खोलने के पक्ष में हैं।

## छत्तीसगढ़ का पहला 50 बिस्तर अस्पताल

ऐसा बताया जा रहा है कि यह अस्पताल पूर्व विधायक देवव्रत सिंह के प्रयास से स्वीकृत हुआ था, जो पूरे छत्तीसगढ़ में पहला अस्पताल होगा जो 50 बिस्तर का बना है जबकि अब तक ऐसा देखा गया है कि 20 बिस्तर को 50 बिस्तर का बना दिया गया अथवा पुरानी बिल्डिंग में 30 बिस्तर अलग से जोड़ा गया हो।

# शतरंज में शानदार प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के छात्र कुशाग्र गुप्ता कक्षा छठवीं तथा केतन गुप्ता कक्षा आठवीं ने राज्य स्तरीय जूनियर फीडे रेटेड शतरंज चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते क्रमशः 2.5 अंक, 2 अंक अर्जित किया। विगत दिवस यह चैम्पियनशिप छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में कोरबा में आयोजित हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, शतरंज कोच राम प्रसाद तथा प्रबंध समिति ने इन दोनों छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते बधाई दी है।



## बैठक 13 को

**राजनांदगांव।** मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 22 सितंबर से प्रारंभ होने वाले क्वांर नवरात्रि मेले में पदयात्रियों की सुविधा व्यवस्था हेतु अंजोरा से अछोली डोंगरगढ़ तक सेवा केन्द्रों की स्थापना एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था के संबंध में 13 सितंबर को दोपहर 12 बजे डोंगरगढ़ में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी सबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# ईद मिलादुन्नबी की तैयारी शहर में जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- मस्जिदों में हुई आकर्षक रोशनी

इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की आमद के दिन को मुस्लिम समाज द्वारा ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष भी ईद मिलादुन्नबी का काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। शहर की मस्जिदों में आकर्षण रोशनी की जा रही है। वहीं ईद मिलादुन्नबी के मौके पर अजीमोशान जलसों की तैयारी भी शुरू हो गई है। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस-ए-मोहम्मदी भी निकाली जाएगी। जिसमें समाज के सैकड़ों लोग शामिल होंगे।

इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार 12 रबी-उल-अव्वल को ईद मिलादुन्नबी का पर्व मनाया जाएगा। आगामी 5 सितंबर या चांद की तस्दीक के मुताबिक ईद मिलादुन्नबी मनाई जाएगी। जिसको लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में उत्साह बना हुआ है। घरों में साफ-सफाई और सजावट का दौर भी शुरू हो गया। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शहर की सभी मस्जिदों में परचम कुशाई होगी।



## इस वर्ष 1500 साल

ईद मिलादुन्नबी का मुबारक दिन इस वर्ष काफी अहम है, क्योंकि यह वर्ष 1500 ईद मिलादुन्नबी का है। जिसको लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में काफी उत्साह है। ईद मिलादुन्नबी की तैयारी में मस्जिदों की कमेटियां काफी दिनों से जुटी रहती है। वहीं शहर के मस्जिदों में भी इस्लामिक कार्यक्रम शुरू हो गए हैं।

## घरों को भी किया जा रहा रोशन

ईद मिलादुन्नबी पर्व को उत्साहपूर्वक मनाने के लिए लोग अपने घर और मोहल्ले की साज-सज्जा कर रहे हैं। घरों को धार्मिक झंडों और आकर्षक लाइटों से सजाया जा रहा है।

## तकरीर और नातिया प्रोग्राम

ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शहर की सभी मस्जिदों में सिरतुन्नबी कमेटी की जानिब से इस्लामिक कार्यक्रमों के आयोजन होंगे। जिसमें तकरीर, बच्चों के नातिया कॉम्पीटिशन, नातिया मुशायरा, लंगर किए जाएंगे।

# स्वच्छ गांव और आत्मनिर्भर महिला ही विकास की असली पहचान : विक्रांत सिंह

**खैरागढ़।** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता जैसे जरूरी विषयों को लेकर बाजार अतरिया में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सभी ने सामूहिक रूप से भाग लेकर यह संदेश दिया कि प्रकृति का संरक्षण और स्वच्छ वातावरण ही समाज को बेहतर भविष्य की ओर ले जा सकता है।

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, मंडल भाजपा अध्यक्ष देवकुमार सेन, सरपंच विमला वर्मा, हरप्रसाद वर्मा, जुमना नरेश कुर्रे, दीक्षा गुप्ता मौजूद सहित अन्य अतिथियों की मौजूदगी में मोक्षधाम परिसर, सरस्वती शिशु मंदिर पास वृक्षारोपण किया गया। नीम, पीपल, आंवला, कटहल जैसे छायादार और औषधीय महत्व के एक सौ पचास से उपर पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में जिंप उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि वृक्ष केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि आने वाली पीढीयों को जीवन और आश्रय भी प्रदान करते हैं। उन्होंने पौधारोपण को भविष्य के लिए सकारात्मक निवेश बताया और सभी से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सतत प्रयास करने का आह्वान किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम अलावा स्वच्छ भारत मिशन के तहत महिला स्व सहायता समूह को कचरा संग्रहण के लिए साइकिल वितरित करते हुए मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कहा कि यह पहल गांव को स्वच्छ और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सिर्फ सफाई का कार्य नहीं है, बल्कि यह सामाजिक स्वास्थ्य और सम्मान से भी जुड़ा हुआ विषय है। जब महिलाएं इस कार्य में आगे आएंगी तो निश्चित रूप से गांव में जागरूकता और अनुशासन दोनों बढ़ेंगे। सभी ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि वृक्षारोपण और स्वच्छता दोनों ही समाज के लिए समान रूप से आवश्यक हैं। यदि हर व्यक्ति अपने स्तर पर पर्यावरण और स्वच्छता के लिए प्रयास करे, तो गांव ही नहीं बल्कि पूरा क्षेत्र एक मिसाल बन सकता है। बाजार अतरिया में आयोजित कार्यक्रम से एक ओर जहां वृक्षारोपण से हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश मिला, वहीं दूसरी ओर महिलाओं को साइकिल वितरण ने उन्हें जिम्मेदारी और आत्मनिर्भरता की नई पहचान दी। इस दौरान बड़ी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।



# कलेक्टर ने सुनी शिकायत व समस्याएं



**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदन शीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर भुरे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने निर्देशित किया। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, आबादी पट्टा, नामांतरण, प्रोत्साहन राशि दिलाने, सड़क मरम्मत कराने, अतिक्रमण हटाने, ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड दुरूस्त करने, राशन कार्ड बनवाने, आधार कार्ड में अपडेशन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए।

# कीटनाशक दुकानों पर कार्रवाई से हड़कंप तीन दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छुईखदान विकासखंड में कीटनाशक, उर्वरक की कालाबाजारी एवं अधिक मूल्य पर बिक्री रोकने के लिए कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा जिला स्तरीय जांच दल गठित कर निरीक्षण और कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को तीन कृषि बीज कीटनाशक दुकानों पर कार्रवाई किया गया। कृषि विभाग के उर्वरक निरीक्षक लुकमान साहू एवं टीम ने छुईखदान के मनोज कृषि केन्द्र छुईखदान, सुनील कृषि केन्द्र छुईखदान, गणपति कृषि केन्द्र खैरानवापारा, सिन्हा ट्रेडर्स नर्मदा, यादव कृषि केन्द्र गंडई, शोभेन्द्र कृषि केन्द्र लिमो तथा राकेश रंगलानी कृषि केन्द्र पवनतरा का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान मनोज कृषि केन्द्र छुईखदान, गणपति कृषि केन्द्र खैरा नवापारा एवं यादव कृषि केन्द्र गंडई में अनियमितता पाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।



## जानकारी देने की अपील

कृषि विभाग ने कृषकों से अपील की है कि यदि कोई बिक्रेता कृषि आदान सामग्रियों की अवैध बिक्री, कालाबाजारी या अधिक मूल्य पर विक्रय करता है तो इसकी सूचना कृषि अधिकारी को दें। वर्तमान खरीफ सीजन हेतु किसानों को सहकारी समितियों एवं निजी बिक्रेताओं के माध्यम से उर्वरकों की आपूर्ति की जा रही है। इस वर्ष अब तक 14368 मी.टन यूरिया, 6284 मी.टन डीएपी, 9644 मी.टन एनपीके, 2144 मी.टन पोटाश एवं 5126 मी.टन एसएसपी का वितरण किया जा चुका है। किसानों की मांग को देखते हुए जिले में यूरिया की 400 मी.टन सेवा सहकारी समितियों एवं 300 मी.टन डबल लॉक में सुरक्षित भंडारण कर वितरण किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### 1 से 7 सितम्बर तक देशव्यापी व 8 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन



**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत पेण्ड्रीकला में 1 से 7 सितंबर तक देशव्यापी साक्षरता सप्ताह एवं 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अंतर्गत उल्लास शपथ लेते हुए। जिसमें ग्राम पंचायत पेण्ड्रीकला सहित पालकगण व छात्र छात्राएं शामिल थें।

## निधन

### भरत शर्मा

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव निवासी भरत शर्मा का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया, स्व. भरत शर्मा का अंतिम संस्कार मुंगेली स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के गणमान्य नागरिकों ने स्व.श्री शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। स्व. भरत शर्मा नर्मदा प्रसाद शर्मा के छोटे भाई थे, उनके निधन से शर्मा परिवार में भारी शोक व्याप्त है।



**निरीक्षण :** गोपाल वर्मा ने कक्षा 12वीं के छात्रों से संवाद कर लक्ष्य निर्धारण पर दिया मार्गदर्शन

# कलेक्टर ने रेंगाखार हायर सेकंडरी स्कूल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के सुंदूर वनांचल क्षेत्र अंतर्गत बोड़ला विकासखंड के तहसील मुख्यालय रेंगाखार स्थित हॉयर सेकेंडरी स्कूल का कलेक्टर गोपाल वर्मा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, प्रयोगशालाओं की व्यवस्था, शिक्षकों की उपस्थिति और विद्यार्थियों की पढ़ाई की स्थिति का बारिकी से अवलोकन किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला सागर सिंह, डिप्टी कलेक्टर बीआर देवांगन, जिला शिक्षा अधिकारी श्री वर्मा, नायब तहसीलदार अखिलेश ध्रुव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सबसे पहले विद्यालय के रसायन, भौतिक और जीव-विज्ञान प्रायोगिक कक्षों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने प्रयोगशालाओं की व्यवस्था को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रायोगिक कक्ष विद्यार्थियों के प्रयोगात्मक ज्ञान का आधार होते हैं, इसलिए इन्हें व्यवस्थित और उपयोगी स्थिति में रखना आवश्यक है। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों के मानसिक और शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए इनडोर गेम्स के लिए अलग से कक्ष में खेल सामग्री रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है और खेल सामग्री उपलब्ध होने से विद्यालय का वातावरण और भी सकारात्मक बनेगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने निरीक्षण के दौरान कला संकाय 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने बच्चों से 10वीं कक्षा के परिणामों के बारे में पूछा और यह भी जाना कि वे भविष्य में क्या बनना चाहते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पूछा कि पढ़ाई करने का उद्देश्य क्या है? और कितने बच्चों ने अपने भविष्य की दिशा तय की है। विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कलेक्टर ने कहा कि जीवन में लक्ष्य बनाना बेहद जरूरी है। जब तक लक्ष्य स्पष्ट नहीं होगा तब तक मेहनत करना संभव नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि एक स्पष्ट दिशा तय करके मेहनत करने से सफलता की राह आसान हो जाती है। लक्ष्य निर्धारित करने से न केवल प्रेरणा मिलती है बल्कि उस दिशा में लगातार प्रयास करने की ऊर्जा भी प्राप्त होती है।




### विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें: वर्मा

कलेक्टर ने विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति की भी गहन जांच की। उन्होंने उपस्थिति पंजी का अवलोकन करते हुए यह सुनिश्चित किया कि सभी शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित हों और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें तथा केवल औपचारिकता पूरी करने तक सीमित न रहें, बल्कि बच्चों को विषयवार स्पष्ट और सरल ढंग से समझाते हुए उन्हें आत्मनिर्भर एवं प्रतिस्पर्धी बनाने का प्रयास करें। उन्होने यह भी कहा कि विद्यालय शिक्षा व्यवस्था तभी मजबूत होगी जब शिक्षक अपनी भूमिका को एक मार्गदर्शक के रूप में पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों की नियमित कक्षाओं के साथ-साथ अतिरिक्त परामर्श और परीक्षा की तैयारी में भी सहयोग करने के निर्देश दिए।

# आरपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने युवा संसद में लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा से विद्यालय का नाम रौशन किया। विगत दिनों 29 अगस्त को अभ्युदय स्कूल में युवा संसद का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं आरपीएस से कुल छह विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और शानदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन में कक्षा 12वीं विज्ञान की छात्रा आरिका माग्रे को बेस्ट पार्लियामेंट्रीयन चुना गया। कक्षा 11वीं गणित छात्र डिकेश चंद्रवंशी ने प्रभावशाली वक्तृत्व से बेस्ट स्पीकर का खिताब जीता वहीं कक्षा 11वीं गणित की छात्रा राधिका चंद्रवंशी को बेस्ट लोगो एवं पार्टी नाम के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा कक्षा 11वीं के मारुति द्विवेदी, कक्षा 10वीं के आदित्य नारायण और मेघा सिन्हा ने भी अपनी सशक्त प्रस्तुति से निर्णायकों की सराहना पाई और विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय की इस उपलब्धि पर प्राचार्या एम शारदा एवं डायरेक्टर आदित्य चंद्रवंशी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। उन्होंने भविष्य में और ऊंचाईयां हासिल करने की शुभकामनाएं दीं।

### महिला एवं बाल विकास विभाग टीम गांव-गांव में लोगों को बाल विवाह रोकथाम के लिए कर रहे जन-जागरूक




**हरिभूमि कवर्धा।** जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला विभाग की टीम ने ग्राम पंचायत अमलीडीह में जाकर ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों के साथ मिलकर बाल विवाह के प्रभावी रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सभी जिलों को मार्च 2026 तक 40 प्रतिशत ग्राम पंचायतो एवं नगरीय निकायों मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है, इसी को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी ग्राम पंचायतों टीम के द्वारा जन-जागरूकता किया जा रहा है। महेश निर्मलकर परियोजना समन्वयक ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम सर्वप्रथम 1929 में लाया गया इसके बाद 1949, 1978 और इसके बाद 2006 में संशोधन किए गए इसके अनुसार किसी लड़के या लड़की की शादी 18 वर्ष की उम्र से पहले होना बाल विवाह कहलाता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत शादी के लिए लड़की का उम्र 18 वर्ष और लड़की का उम्र 21 वर्ष होनी चाहिए। साथ ही बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 राष्ट्रीय इमरजेंसी 24 घंटे चलने वाली निःशुल्क फोन आउटरीच सेवा है ऐसे बच्चों के लिए जिन्हें देखभाल एवं संरक्षण की जरूरत है कोई भी अनाथ, बेसहारा, लावारिस, घुमंतू, गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह से संबंधित बच्चों की सुरक्षा के लिए एवं मदद के लिए निःशुल्क नंबर 1098 पर फोन कर सकते हैं। जागरूकता कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि, पंचगण, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह के सक्रिय महिला एवं किशोरी बालिकाओ व ग्रामवासी उपस्थित थें।

# अंचल में गणेशोत्सव की धूम, बाल गणेशोत्सव समिति में भारी उत्साह

- बाल व युवा गणेशोत्सव समिति के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का माहौल ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में गणेशोत्सव का त्यौहार पूरे भक्तिमय और उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया जाता है, जिसमें घरों-घर, मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। बाल व युवा गणेशोत्सव समिति व भक्तगण मंत्रोच्चार और पारंपरिक गीतों तथा विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना करते हुए मोदक और दूर्वा का भोग लगाते हैं और वातावरण गणपति की भक्ति में डूब जाता है। त्यौहारों की शुरुआत प्रथम पूज्य श्री गणेश का आगमन के साथ गणेशोत्सव से होती है। माता पार्वती के पुत्र विघ्नविनाशक गणेश की स्थापना विभिन्न स्थानों में विशेष पंडाल व साज सज्जा से भक्तों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बाल व युवा गणेशोत्सव समिति के कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, भगतपुर, धनेली, मोहतरा कला पीपरमाटी, बसनी, कंझेटा, कापा, दामापुर व कुंडा क्षेत्र सहित गांव-गांव में श्री गणेश का जयघोष गूंज रहा है और भक्तजन सुख, शांति व समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली के लिए आशीर्वाद प्राप्त कर रहे है। साथ ही साथ रात्रि में छोटे-छोटे सांस्कृतिक कार्यक्रम गायन-वादन की शानदार प्रस्तुतियां दी जा रही है।



# विराट संस्कृत विद्वत-सम्मेलन में शामिल होंगे कवर्धा जिले के शिक्षक-शिक्षिकाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

संस्कृत भाषा के संरक्षण और संवर्धन हेतु विराट संस्कृत सम्मेलन का आयोजन 7 सितंबर रविवार को सरयूपाणी ब्राम्हण समाज भवन संजय नगर रिंग रोड रायपुर में होने जा रहा है। इस भव्य आयोजन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी संस्कृत विद्वानों का आगमन हो रहा है, इस पुनीत कार्य में कवर्धा संस्कृत भारती जिला संयोजक अमित मिश्रा के नेतृत्व में विद्वान शिक्षक-शिक्षिकाएं, व्यवसायी और समाजसेवी भी शामिल होंगे। श्री मिश्रा ने बताया संस्कृत भाषा केवल भाषा नहीं, भारतीय संस्कृति है, भारत की आत्मा है, इसके संरक्षण और संवर्धन से भारतीय और स्थानीय संस्कृति और संस्कार की रक्षा आवश्यक है। कार्यक्रम का प्रारंभ 10 से शाम 4 बजे तक रहेगा वहीं उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ रमन सिंह अध्यक्ष विधानसभा छत्तीसगढ़, अध्यक्षता डॉ सतेन्द्र सिंह सेंगर पूर्व कुलपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, अति विशिष्ट अतिथि बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर, विशिष्ट अतिथि राजेश महंत डॉ रामसुंदर दास पूर्व गौ-सेवा आयोग अध्यक्ष, कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ श्रीराम महादेव अखिल भारतीय शिक्षण प्रमुख संस्कृत भारती रहेंगे। साथ ही साथ समापन सत्र में मुख्य अतिथि विष्णु देव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, अति विशिष्ट अतिथि गजेंद्र यादव शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, अध्यक्षता डॉ सुरेश शुक्ला अध्यक्ष सरयूपाणी ब्राम्हण समाज, मुख्य वक्ता डॉ दादू भाई त्रिपाठी प्रांत मंत्री संस्कृत भारती के अलावा राज्य भर के शिक्षक-शिक्षिकाएं, समाजसेवी, विद्वतजन शामिल रहेंगे। जिसमें कबीरधाम के चारों विकासखंडों से लगभग सैकड़ो की संख्या में संस्कृत प्रेमियों की उपस्थिति रहेगी। जिसमें संतोष शर्मा, श्रीमती भगवती हठीले, पारसमणी शर्मा, लोकेश्वर मिश्रा, थानूराम साहू, द्वारिका मरकाम, श्रीमती ममता गुप्ता, विष्णु प्रसाद वर्मा, दीप साहू व सेवानिवृत्त शिक्षक बीपी विश्वकर्मा के अलावा व्यवसायी और कृषक भी शामिल होंगे।



# मित्रमंडल समिति ने आकर्षण व शानदार पंडाल की सजावट से प्रतिमा स्थापित की



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

श्री गणेशोत्सव के पावन अवसर पर मित्र मंडल समिति द्वारा भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को इस वर्ष शानदार और भव्य रूप में विराजमान कराया गया है। समिति का यह दूसरा वर्ष है। पंडाल में स्थापित गणेश प्रतिमा की भव्यता और सजावट देखते ही बनती है। समिति के सदस्य अमन ठाकुर और कृष्णा अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष विशेष आकर्षण के साथ पंडाल की सजावट की गई है, जिसमें रंग-बिरंगी लाइटें, फूलों की सजावट और धार्मिक झांकियों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए समुचित व्यवस्था की गई है। श्री गणेश जी की आरती और भजन संध्या प्रतिदिन आयोजित की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्साह और भक्ति भाव से शामिल हो रहे हैं। गणपति बप्पा की जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा है।

इस आयोजन का उद्देश्य न केवल धार्मिक आस्था बल्कि समाज में एकता और भाईचारे को भी बढ़ावा देना है। गणेश जी के दर्शन करने के लिए नगरवासी प्रतिदिन बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं और श्रद्धा भाव से आराधना कर रहे हैं। समिति में अमन ठाकुर, कृष्णा अग्रवाल, आर्यन, अभय, कृष, प्रयागराज, मोक्ष, मेहुल, अंशु ठाकुर, प्रिंस, नैतिक, आनंद, संजू, पीयूष, अक्षत, दीपांशु, हर्षित जपमान, जससिंह, जयदीप सिंह, सुजल, वेदांत, विनय, हर्ष पांडेय, शिवांग सहित सभी सदस्य गणेश भगवान की सेवा में लगे हुए है।

कलेक्टर ने सर्वेयरों को गुणवत्ता और त्रुटिरहित सर्वेक्षण के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने खड़ौदा में डिजिटल क्रॉप सर्वे का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में फसल सर्वेक्षण को अधिक सटीक, सरल और पारदर्शी बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के ग्राम खड़ौदा पटवारी हल्का नंबर 6 खसरा नंबर 172.1 में किसान पुरुषोत्तम, नरोत्तम, विमला के खेत पहुंचकर डिजिटल क्रॉप सर्वे का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वेयर द्वारा मोबाइल से खेत और फसल का फोटो खींचकर भूलेख पोर्टल में अपलोड करने तथा तहसीलदार की आईडी से अप्रूवल की प्रक्रिया की जानकारी ली।

कलेक्टर ने स्वयं एक खेत में सर्वे कर एप में डेटा अपडेट कर पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया। श्री वर्मा ने सर्वेयरों को निर्देश दिए कि वे गंभीरता और त्रुटिरहित तरीके से कार्य संपन्न करें। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य की सतत निगरानी हो तथा आंकलन पूरी तरह गुणवत्ता पूर्ण और वास्तविक तथ्यों पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे से किसानों को योजनाओं का लाभ तेजी से मिलेगा और कृषि नीति अधिक प्रभावी बनेगी। जिले के 863 ग्रामों में कुल 3 लाख 64 हजार 909 खसरे का सर्वे किया जाना है, जिसमें अब तक 1 लाख 92 हजार 241 खसरे लगभग 53 प्रतिशत का कार्य पूरा हो चुका है। डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रक्रिया में सर्वेयर खेत में जाकर फसल की वास्तविक स्थिति दर्ज करते हैं और उसकी फोटो एग्रीटेक एप पर अपलोड करते हैं। इस डेटा का सत्यापन बाद में पटवारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया जाता है।

कलेक्टर ने कहा कि इस सर्वे से किसानों को कई प्रकार के लाभ मिलेंगे। फसल बीमा योजना और क्षति आकलन अधिक पारदर्शी व वैज्ञानिक होंगे। पात्र किसानों को कृषि योजनाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा। साथ ही फसल उत्पादन का अत्याधुनिक डाटाबेस तैयार होगा, जिससे धान खरीदी व्यवस्था एवं भविष्य की कृषि नीति और मजबूत बनाई जा सकेगी। किसानों को समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन और आर्थिक सहयोग भी आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती शिल्पा देवांगन, डिप्टी कलेक्टर बीआर देवांगन, तहसीलदार डॉ विवेक गोहिया, नायब तहसीलदार हुलेश्वर पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# श्रीसीताराम रामधुनी झूला कार्यक्रम में शामिल हुए नितेश अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राम नाम की गूंज और भक्ति के सागर में डूबा कबीरधाम का ग्रामीण अंचल, 24 घंटे का अखंड रामधुनी झूला कार्यक्रमों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब। इसी पावन अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं भोरमदेव मंडल प्रभारी नितेश अग्रवाल ने ग्राम बाघूटोला, खिरसाली, मोतिनपुर और खुर्शीपार पहुंचकर प्रभु राघवेन्द्र सरकार और बाल गोपाल भगवान सीता-राम के समक्ष पूरे प्रदेश और क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, खुशहाली और शांति की मंगलकामना की।

ग्रामवासियों के बीच बैठकर रामधुनी का रसास्वादन करते हुए अग्रवाल ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ झूला दर्शन किए, आरती में शामिल हुए और प्रभु श्रीरामचंद्र के चरणों में प्रदेश के जन-जन के कल्याण हेतु प्रार्थना की।



इस मौके पर लोकचंद साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, जोहरन पटेल, नकुल पटेल, जगेश्वर पटेल, दुलरवा यादव, नरसिंह पटेल, चेतन विश्वकर्मा, गीतम पटेल, टेकू पटेल, संतराम नेताम, धनुष पटेल, दिलीप झारिया, संतोष धुर्वे सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति, कार्यकर्ता और श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। भक्तिरस में डूबे इन आयोजनों ने ग्रामवासियों को एकता, आस्था और संस्कारों के सूत्र में बांध दिया।

**हड़ताल:** बीते 17 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डंटे एनएचएम कर्मचारी मांगों पर अड़े

# हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों को मिले नोटिस को जलाकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रांतीय आव्हान पर अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर बीते 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे प्रदेश सहित कबीरधाम जिले के एनएचएम कर्मचारियों के प्रति शासन ने अब अपना रूख सख्त कर दिया है और हड़ताली कर्मचारियों को हड़ताल समाप्त कर 24 घंटे की भीतर काम पर लौटने के संबंध में नोटिस जारी किया है। वहीं दूसरी तरफ हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों ने भी अपनी मांगों को लेकर आरपार की लड़ाई के मूड़ में नजर आ रहे हैं।

इन हड़ताली कर्मचारियों ने प्राप्त नोटिस की प्रतियां जलाकर अपना रूख साफ कर दिया है कि वे शासन तथा स्वास्थ्य विभाग के किसी नोटिस से डरने वाले नहीं है और अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखेंगे। इस संबंध में संघ के जिलाध्यक्ष शशिकांत शर्मा ने बताया कि प्रदेश सहित कबीरधाम जिले के एनएचएम कर्मचारी प्रांतीय आव्हान पर गत 18 अगस्त से अपनी प्रमुख मांग नियमितिकरण, ग्रेड पे का निर्धारण, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, अनुकंपा नियुक्ति सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। श्री शर्मा ने बताया कि इस दौरान कर्मचारियों द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर शासन-प्रशासन का ध्यान अपनी मांगों के प्रति आकृष्ट कराने का प्रयास किया गया।

लेकिन सरकार ने अभी तक कर्मचारियों की मांगों के प्रति सकारात्मक रूख नहीं अपना है। सरकार कहती है कि उसने एनएचएम कर्मचारियों को कुछ मांगों को पूरा कर दिया है लेकिन आज पर्यंत पूरी की गई मांगों के संबंध में लिखित आदेश जारी नहीं किया गया है। हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों ने शासन पर आरोप लगाया कि चुनावी वादा किए जाने के बाद भी सरकार बीते करीब दो सालों से उन्हें सिर्फ आश्वासन का झुनझुना पकड़ा रही है और बगैर आदेश जारी किए कुछ मांगों को पूरा किए जाने की बात कहकर इस बार भी यही काम किया जा रहा है लेकिन अब कर्मचारी सरकार के आश्वासन पर भरोसा करने वाले नहीं है और जब तक मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं किया जाता अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

## नोटिस के बाद भी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी



हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों ने बताया कि वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। जिला मुख्यालयों में एनएचएम कर्मी अपनी मांगों को लेकर लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे है। इस दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने हड़ताली कर्मचारियों को दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है और नोटिस भी जारी किया है। उन्होने बताया कि जिले के 381 कर्मचारियों ने राज्य सरकार द्वारा भेजी गई दंडात्मक नोटिस के आगे नही झुके और जिलाध्यक्ष शशिकांत शर्मा को मिले नोटिस की प्रतियां को कवर्धा धरना स्थल पर जलाया गया तथा संरक्षक जेम्स जॉन और समस्त पदाधिकारीगणों व सदस्यों ने अध्यक्ष और संघ के साथ अंतिम लड़ाई तक साथ देने की बात कही।

## कर्मचारियों ने सांसद संतोष पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा

एनएचएम कर्मचारियों ने बुधवार को क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय को अपनी 10 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा तथा चुनाव से पूर्व किए गए वादों का स्मरण दिलाया। बुधवार को सौंपने के दौरान मुख्य रूप से संरक्षक प्रदीप सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष शशिकांत शर्मा, जेम्स जॉन, विनिष जॉय, रुपेश साहू, सौरभ तिवारी, संगीता भगत,गेमेश चौधरी, डॉ. मुकुंद राव, डॉ. ममता, डॉ. मुकेश खूंटे, डॉ. दीपक ध्रुव, डॉ. केके जांगड़े, अंशुल थूदगर, आनंद दास, दुर्गेश गुप्ता,चंदन टेकाम, रमेश कौशिक, गौरव सोनी, अंबिका बाशोड, बुद्धेश्वर सिंह, ओमन चंद्रवंशी, वनिता पिस्द्दा, शिल्पा बक्शी, रामकृष्ण चंद्रवंशी, धुर्वा साहू, ओमन चंद्रवंशी, गिरानी राम ध्रुवे, धर्मराज कौशिक, शैलेंद्र देवांगन, सन्नी केशरवानी, ललिता वर्मा, नेहा चंद्रवंशी, मोनी जायसवाल, विजय कश्यप, अखिलेश पटेल, राजेश साहू, निखिल बांधेकर, सागर, धीरज महोबिया पवन जायसवाल, नेतराम सहित बड़ी संख्या में एनएचएम कर्मचारी उपस्थित थे।

# घाटी में लगे जाम के घंटों बाद बहाल हो पाया नेशनल हाईवे



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के चिल्फीथाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 रायपुर-जबलपुर मार्ग में सोमवार की सुबह लगा जाम घंटों की भारी मसक्कत के बाद देररात बहाल हो पाया। जाम खुलने से मार्ग में मंगलवार की सुबह से लेकर आधीरात तक बीच जंगल में फंसे रहे लोगों ने राहत की सांस ली। उल्लेखनीय है कि आवागमन के लिहाज से बेहद संवेदनशील और खतरनाक हो चुके जिले के चिल्फीघाटी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाने नेशनल हाईवे 30 रायपुर-जबलपुर मार्ग में मंगलवार की सुबह लोहे से भरे एक ट्रैलर वाहन के अनियंत्रित होकर नागमोरी की एक नाली में फंस जाने से यहां जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। बताया जाता है कि चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले इस मार्ग में जाम लगने के कारण देखते ही देखते मार्ग के दोनो और करीब 20 किलो मीटर लम्बी छोटे-बड़े वाहनो की लंबी कतार लग गई और लोग उसमें फंसकर रह गए। हालांकि जाम लगने की सूचना के बाद पुलिस ने जाम को बहाल कराने घंटों मसक्कत की लेकिन जाम इतना भीषण था कि पुलिस को भी इसे खुलवाने में करीब 12 घंटे से भी अधिक का समय लग गया। इस दौरान जाम में फंसे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## आए दिन चिल्फीघाटी में लगता रहता है जाम

यहां बताना लाजिमी होगा की बढ़ते यातायात के दबाव और समय के साथ-साथ अब जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाला नेशनल हाईवे 30 बोना साबित होने लगा है। जिसके कारण यहां के घुमावदार और सकरे रास्ते में जहां आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होते दिखाई दे रही है वहीं दुर्घटनाएं भी लगातार बढ़ रही है। इन हालातों में इसका बेजा खामियाजा मार्ग में यात्रा करने वाले यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। माना जा रहा है कि लगातार गंभीर होते जा रही इस समस्या का अब समाधान खोजने का समय आ गया है।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा

**कवर्धा।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती वर्ष 2025-26 के लिए अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाईन लिखित परीक्षा (सीईई) आयोजित किया गया था। जिसका परिणाम घोषित किया जा चुका है। लिखित परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा माह नवंबर-दिसंबर 2025 में आयोजित होना संभावित है। कबीरधाम जिले के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण किया है उन्हें निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण दिया जाना है, ऐसे अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय, कबीरधाम में दिनांक 12 सितम्बर 2025 तक अपना नाम दर्ज करा सकते है या गूगल लिंक से अपनी जानकारी भेज सकते है। विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय या दूरभाष से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

### की गई ग्रामीणों की मलेरिया जांच

**कवर्धा।** कलेक्टर के निर्देश पर कबीरधाम जिले में रजत महोत्सव के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा वनांचल क्षेत्र चिल्फी के दुर्गम व दूरस्थ ग्राम दुलदुला, तुरैयाभाठा, राजाधार, अकलघरिया एवं उपस्वास्थ्य केंद्र धवईपानी में विशेष रूप से घर-घर मलेरिया जाँच एवं जनजागरूकता अभियान चलाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र तुर्रे के मार्गदर्शन परं विशेष अभियान में बोडला बीएमओं डॉ. पुरुषोत्तम सिंह राजपूत, एमओ डॉ. लोकेश चंद्रवंशी, आरएचओ अशोक नवरंग तथा सेक्टर सुपरवाइजर बाबूलाल गोड़ के नेतृत्व में स्वास्थ्य अमला शामिल हुआ। स्वास्थ्य अमले ने ग्रामीणों तक पहुंचकर उनकी जांच की।

# जिले में कानून व्यवस्था व त्यौहारों की तैयारियों को लेकर बैठक

## कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त बैठक



- आपसी भाईचारा के साथ त्यौहारों को मनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं आगामी त्यौहारों की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से की। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल, अपर कलेक्टर विनय पोयम, नरेंद्र पैंकरा, संदीप ठाकुर सहित जिले के सभी अनुभागों के एसडीएम एवं एसडीओपी मौजूद रहे। बैठक के दौरान अधिकारियों ने त्योहारों के दौरान नागरिकों की सुरक्षा, सुविधा और आपसी सौहार्द को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए विस्तृत रणनीति पर चर्चा की। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क रहें और विशेष रूप से संवेदनशील इलाकों पर नजर रखें। किसी भी प्रकार की अफवाह, अप्रिय घटना या साम्प्रदायिक तनाव को रोकने के लिए लगातार निगरानी रखने की आवश्यकता है। कलेक्टर ने आगे यह भी कहा कि त्यौहारों पर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने, बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान देने और आपात स्थिति से निपटने के लिए समुचित प्रबंध करने होंगे। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि त्योहारों पर शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस का दायित्व है। उन्होंने बताया कि इसके लिए पुलिस बल को पहले से ही संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। साथ ही भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त, पेट्रोलिंग और सीसीटीवी मॉनिटरिंग को बढ़ाया जाएगा। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए पुलिस विभाग ने विशेष योजना बनाई है, ताकि जाम या अव्यवस्था जैसी समस्याएंउत्पन्न न हों। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि त्यौहारों साम्प्रदायिक सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक हैं, इसलिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा, ताकि नागरिक निर्भीक होकर त्यौहारों को उल्लासपूर्वक मना सकें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिले में अक्सर मांगों के समर्थन में लोग धरना प्रदर्शन के दौरान सड़क जाम या चक्का जाम जैसी अवैध गतिविधियां करते हैं, जिससे आम जनता को असुविधा होती है और कानून व्यवस्था प्रभावित होती है। अब से ऐसे किसी भी अवैध सड़क जाम या चक्काजाम करने वालों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज की जाएगी। साथ ही यह भी साफ कर दिया गया कि कोई भी व्यक्ति यदि किसी शासकीय कार्यालय में जबरन घुसकर, अवैधानिक तरीके से धरना देगा, कार्यालयीन कार्य में बाधा डालेगा या हुड़दंग मचाएगा, तो उसके खिलाफ भी कठोरतम कार्रवाई की जाएगी और कानून के तहत दंडनीय अपराध दर्ज होगा। प्रशासन और पुलिस ने स्पष्ट किया कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखना सभी का अधिकार है, लेकिन सरकारी दफ्तरों के कामकाज को ठप करना, कर्मचारियों को डराना-धमकाना या कार्य बाधित करना किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से नागरिकों से अपील की कि वे त्यौहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाए, अफवाहों से दूर रहें।

# श्री गजानन माधव मुक्तिबोध स्मृति पुरस्कार के लिए रमेश चयनित

## छत्तीसगढ़ शासन से एकसाथ दो पुरस्कार पाने वाले प्रदेश के पहले शिक्षक बनेंगे रमेश

- राजभवन में पांच सितंबर को होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत परसवारा गांव के निवासी व शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य रमेश कुमार चंद्रवंशी को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए श्री गजानन माधव मुक्तिबोध स्मृति पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया जाएगा।

यह सम्मान छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिक्षकों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। गणित विषय के व्याख्याता श्री चंद्रवंशी ने अपने विद्यालय में नवाचार सहित कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया है। उनके प्रयासों ने न केवल विद्यार्थियों की शिक्षा को बेहतर बनाया है, बल्कि अन्य शिक्षकों के लिए भी एक मिसाल पेश की है। यह सम्मान उन्हें आगामी पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के राजभवन स्थित दरबार हॉल में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में महामहिम राज्यपाल के हाथों प्रदान किया जाएगा। इस समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री व स्कूल शिक्षा मंत्री उपस्थित रहेंगे। श्री चंद्रवंशी का चयन उन शिक्षकों के लिए प्रेरणा है, जो शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रहे हैं। यह पुरस्कार उनकी लगन, समर्पण और शिक्षा के प्रति अद्वितीय योगदान को दर्शाता है। यह सम्मान न केवल श्री चन्द्रवंशी के लिए गर्व की बात है, बल्कि जिले के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि है। ज्ञातव्य हो कि रमेश कुमार चन्द्रवंशी का चयन राज्यपाल पुरस्कार अर्थात राज्य शिक्षक सम्मान पुरस्कार के लिए पहले ही किया जा चुका है।

इस प्रकार उन्हें महामहिम राज्यपाल के हाथों दो पुरस्कार एक साथ प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही वे छग शासन से शिक्षकों के राज्य स्तर के दो पुरस्कार पाने वाले प्रदेश के पहले शिक्षक बनेंगे। श्री चन्द्रवंशी ने इस उपलब्धि को प्राप्त करने के दीर्घकालिक सफर में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## कैट कवर्धा इकाई में नई कार्यकारिणी गठित, दीप शर्मा बने जिलाध्यक्ष



**कवर्धा।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की कवर्धा इकाई का गठन मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमेन मगेलाल मालू एवं विक्रम सिंहदेव, प्रदेश एक्जीक्यूटिव चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन, प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र सिंह और प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी दो वर्षों के लिए जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें संगठन की कमान पहली बार युवा नेतृत्व को सौंपी गई। नवगठित कार्यकारिणी में दीप शर्मा को जिलाध्यक्ष और वनित सिंह सलूजा को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। स. सुरजीत सिंह खुराना (दारा) को प्रदेश उपाध्यक्ष और अनि दानी को प्रदेश मंत्री की जिम्मेदार मिली। जिला महामंत्री मनोज ठाकुर, कोषाध्यक्ष ज्ञानी गुप्ता, उपाध्यक्ष अविनाश तिवारी, भागीरथी सिन्हा और रिंकल माटा बनाए गए। जिला मंत्री पद पर नरेन्द्र बग्गा, शेख अकरम और साहिल पाली को स्थान दिया गया। इसके साथ ही विभिन्न जोनों के लिए प्रभारी नियुक्त हुए, जिसमें बोडला में गौतम गुप्ता, पोंड़ी में पवन केशरवानी, पिपरिया में सुरेश केशरी, पाडातराई में संजय गुप्ता और पंडरिया में अमरीक सिंह सलूजा को जिम्मेदारी मिली। मीडिया प्रभारी के रूप में विकास केशरवानी, खिलेश ठाकुर और अनमोल अग्रवाल को दायित्व सौंपा गया। खाद्य विभाग समन्वय में संजय गुप्ता और लोमेश श्रीवास, जीएसटी समस्या समिति में वनित सिंह सलूजा, दीप शर्मा और ज्ञानी गुप्ता शामिल किए गए। कौशल विकास, रोजगार और उद्योग विभाग का नेतृत्व साहिल पाली और जागेन्द्र श्रीवास्तव को सौंपा गया। उत्सव प्रभारी के रूप में राजकुमार वर्मा, मनोज ठाकुर और कैलाश शर्मा की घोषणा हुई। महिला उद्यमी सशक्तिकरण का दायित्व कैलाश शर्मा और संजय गुप्ता को सौंपा गया। बैंकिंग विभाग समन्वय में नवीन जैन और प्रभु राजपुरोहित को जिम्मेदारी दी गई। इसी प्रकार अन्य पदों की जिम्मेदारी देते हुए कार्यकारिणी घोषित की गई।

## बैरख स्कूल के मासिक मूल्यांकन में उत्कृष्ट विद्यार्थी किए गए पुरस्कृत



**बोड़ला।** वनांचल में स्थित शासकीय हाई स्कूल बैरख में बुधवार को मासिक मूल्यांकन में उत्कृष्ट एवं विद्यालय में मासिक शत प्रतिशत उपस्थित विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कक्षा नवमी में नियमित विद्यालय आने वाले जो महीने में शत प्रतिशत उपस्थित थे। उसमें अंजू, भागबली, बिना, आरती, किरण एवं कक्षा दसवीं में भूमिका भारती गीतांजलि, नीरा एवं मासिक मूल्यांकन में भूमिका नीरा, डाकेश्वर, बृजेश्वर, भारती आदि को संस्था प्राचार्य एवं शिक्षक गण ने पुरस्कृत किया। विद्यालय में सभी बच्चों का शत प्रतिशत उपस्थिति हो इसलिए सतत पालक संपर्क किया जाता है, साथ ही शत प्रतिशत उपस्थित विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाता है, ताकि बच्चों का विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति हो। एवं मासिक मूल्यांकन में उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। ताकि उनसे प्रेरित हो कर सभी विद्यार्थी गण सभी विषयों में अच्छा प्रदर्शन कर सके। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य सोहन कुमार यादव, व्याख्याता प्रेमलता कुमार, शिक्षिका चमेश रावटे मेम एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

**कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में विभागवार की योजनाओं की समीक्षा की**

# मुख्यमंत्री की घोषणाओं का पालन प्राथमिकता से हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं का पालन प्राथमिकता से किया जाए और शासन स्तर पर कंप्लायंस समय पर भेजा जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर विलंब नहीं किया जाना चाहिए। बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम दलदली में आयोजित समाधान शिविर और पंडरिया में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की विभागवार समीक्षा की और प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, अपर कलेक्टर डॉ मोनिका कौडों, विनय पोयाम, पैकरा, सर्व एसडीएम, तहसीलदार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि घोषणाओं पर तत्काल अमल होना चाहिए, ताकि योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ आम जनता को समय पर मिल सके। उल्लेखनीय है कि प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 6 मई को कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखण्ड के दुर्गम ग्राम दलदली पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जिले के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की थीं। इनमें छीरपानी जलाशय से कुसुमघटा जल प्रदाय योजना के लिए 123 करोड़ रुपए की स्वीकृति शामिल है, जिससे 66 ग्रामों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। वहीं रामपुर-ठाठापुर-दशरंगपुर-सुतियापाठ जल प्रदाय योजना हेतु 78 करोड़ 45 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है, जिससे 54 ग्रामों के लोगों को राहत मिलेगी। इसके अलावा 6 जुलाई को पंडरिया के स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़कर मुख्यमंत्री ने रणवीरपुर में नवीन उप तहसील, बिरेंद्र नगर में आगामी शिक्षा सत्र से महाविद्यालय, पंडरिया में 250 सीटर नालंदा परिसर, कुण्डा महाविद्यालय के लिए नवीन भवन, पंडरिया नगर पालिका के नवीन भवन निर्माण एवं राष्ट्रीय राजमार्ग 130-ए के विशेषरा नाला से हरिनाला तिराहा तक 2.1 किलोमीटर मार्ग के चौड़ीकरण एवं 4-लेन उन्नयन की घोषणा की थी। कलेक्टर श्री वर्मा ने बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आदि कर्मयोगी अभियान, मिनी स्टेडियम, पुल-पुलिया, सड़कों और आंगनबाड़ी भवनों से जुड़े कार्यों की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राथमिकता वाली योजनाओं को तय समयसीमा में धरातल पर उतारा जाए, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा दिए गए निर्देशों की प्रगति की सतत निगरानी की जाएगी और यदि किसी स्तर पर कोताही पाई जाती है तो जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी।

# उत्कृष्ट कार्य एवं कला संवर्धन के लिए कबीरधाम की शिक्षक आरती ठाकुर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डातराई



राजधानी रायपुर के वृंदावन टाउन हॉल में 1 सितंबर को राष्ट्रीय शिखर सम्मान 2025 का आयोजन किया गया। यह सम्मान शिखर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के द्वारा आयोजित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए कबीरधाम जिले के तीन शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। यह सम्मान मुख्य अतिथि बस्तर के महाराजा कमलचंद्र भंजदेव के हाथों से प्रदान किया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पांडातराई की शिक्षक सुश्री आरती ठाकुर को छत्तीसगढ़ कला संस्कृति के संवर्धन, एवं लोक कला के क्षेत्र में कार्य करने के लिए शिखर कला रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक स्तोत्र एवं प्रशिक्षण केन्द्र नई दिल्ली में भी अपने छत्तीसगढ़ लोक- कला, संस्कृति,खान-पान का प्रदर्शन इनके द्वारा किया है। लगातार छत्तीसगढ़ी की लोक कला संस्कृति के लिए विद्यार्थियों एवं सामान्य जन को भी प्रेरित करते रहती हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बस्तर राजमहल के महाराजा कमलचंद्र भंजदेव, रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल उपस्थित थे।